इंदौर. शहर के युवाओं के लिए खुशखबरी है। पीथमपुर में 5000 लोगों के लिए रोजगार की राह खुलने जा रही है। हाल में इंदौर के औद्योगिक केंद्र विकास निगम (एकेवीएन) ने पीथमपुर में तीन कंपनियों को जमीन आवंटित की हैं। इनमें से दो इंदौर की व एक महाराष्ट्र की कंपनी है।

इंदौर के आसपास नए उद्योग स्थापित होने के साथ ही अब रोजगार के क्षेत्र में नई संभावनाएं पैदा हो रही है। पीथमपुर में आने वाली तीनों कंपनियां बहुत बड़ी नहीं हैं, निवेश भी छोटा ही कर रही हैं, लेकिन इनसे रोजगार काफी लोगों को मिलेगा। तीनों कंपनियां मिलकर तीन करोड़ पांच लाख रुपए का निवेश कर रही हैं, जिससे 5182 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। जमीन आवंटन के साथ ही कंपनियों ने अपने प्रोजेक्ट निर्माण का काम प्रारंभ कर दिया है।

ये कंपनियां देंगी रोजगार

कमर्शियल सन बैग्स : इंदौर की इस कंपनी को पीथमपुर स्थित स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एसईजेड) में 3825.70 वर्ग मीटर जमीन का आवंटित हुई है। कंपनी इस प्रोजेक्ट पर 1.5 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी का दावा है कि इसके जरिये वह 2810 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार देगी। कंपनी औद्योगिक बैग्स की रेंज बनाती है।

एरॉक्स मल्टिपैक : इंदौर की ही इस कंपनी को पीथमपुर में 3719 वर्ग मीटर जमीन आवंटित की गई है। प्लास्टिक प्रोडक्ट का निर्माण करने वाली इस कंपनी ने पीथमपुर में प्रस्तावित प्लांट पर 55 लाख रुपए का निवेश करने की बात कही है। इससे 425 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

थिंक फार्मा : महाराष्ट्र के थाणे की कंपनी है। इसे पीथमपुर सेक्टर-3 में 21794 वर्ग मीटर जमीन आवंटित की है। यहां कंपनी एक करोड़ रुपए का निवेश से 1947 लोगों को रोजगार देने की बात कह रही है। कंपनी का एक प्लांट मुंबई में भी है।